# गुरु घासीदास विश्वविद्यालय

(नैक द्वारा "A++" ग्रेड प्राप्त केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
कोनी, बिलासपुर–495009 (छ.ग.)
दूरभाष : 07752–260209, फैक्स : 07752–260154
ई–मेल : ggv.registrar@gmail.com, वेबसाईट : www.ggu.ac.in

# Guru Ghasidas Vishwavidyalaya

(A Central University with "A++" Grade Accredited by NAAC)
Koni, Bilaspur-495009 (C.G.)
Phone : 07752-260209, Fax : 07752-260154
E-Mail : ggv.registrar@gmail.com, Website : www.ggu.ac.in


क्रमांक 489 / बै.प्र. / स्था.स. / 2025 — बिलासपुर, दिनांक : 04/06/2025

प्रति,

**समस्त सम्माननीय सदस्यगण**
**All Hon'ble Members**
विद्यापरिषद् की स्थायी समिति,
Standing Committee of Academic Council
गुरू घासीदास विश्वविद्यालय,
Guru Ghasidas Vishwavidyalaya
बिलासपुर (छ.ग.)
Bilaspur (C.G.)

**विषय** :– विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की 211वीं बैठक दिनांक 04.06.2025 के कार्यवृत्त का प्रेषण।

**Subject :-** Dispatch of minutes of 211th meeting of Standing Committee of Academic Council dated 04-06-2025.

––––0––––

महोदय / महोदया,

**Sir/Madam**

विषयान्तर्गत, दिनांक 04.06.2025 को आयोजित विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की 211वीं बैठक का कार्यवृत्त अवलोकनार्थ एवं अभिलेख हेतु संलग्न प्रेषित है।

Under the subject, the minutes of the 211th meeting of the Standing Committee of the Academic Council held on 04-06-2025 is enclosed for perusal and record.

आदेशानुसार/By order,

**कुलसचिव (कार्यवाहक)**/Registrar (Acting)

पृ0 क्रमांक 490 / बै.प्र. / स्था.स. / 2025 — बिलासपुर, दिनांक : 04/06/2025

**प्रतिलिपि/Copy to** :–

01. कुलपति के सचिब की ओर माननीय कुलपति महोदय के सूचनार्थ प्रेषित।
    The Secretary to the VC for the information of the HVC.
02. कुलसचिव के निज सहायक की ओर कुलसचिव जी के सूचनार्थ प्रेषित।
    The PA to the Registrar for inf ormation of the Registrar.
03. निदेशक, आईक्यूएसी / सहायक कुलसचिव–अकादमिक / प्रशासन / विकास / वित्त, प्रभारी विश्वविद्यालय वेब पटल की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
    Director, IQAC/Assistant Registrar - Academic/Administration/Development/ Finance/Incharge University website for information and necessary action.
04. कार्यालय प्रति।
    Office Copy.

**कुलसचिव (कार्यवाहक)**/Registrar (Acting)

# गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)

**विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की 211वीं बैठक दिनांक 04.06.2025 का कार्यविवरण**

विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की 211वीं बैठक दिनांक 04.06.2025 को प्रातः 11.00 बजे प्रशासनिक भवन के सभा कक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक के प्रारम्भ में कुलसचिव (कार्यवाहक) ने सभी सदस्यों का स्वागत किया तत्पश्चात् कुलपति महोदय की अनुमति से बैठक प्रारम्भ हुई। बैठक में उपस्थिति निम्नानुसार रही :-

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो0 आलोक कुमार चक्रवाल, कुलपति | अध्यक्ष |
| 2. | प्रो0 शरद चन्द्र श्रीवास्तव, अधिष्ठाता/निदेशक–अनुसंधान एवं विकास प्रकोष्ठ | सदस्य |
| 3. | प्रो0 सीमा राय | सदस्य |
| 4. | प्रो0 राजेन्द्र मेहता | सदस्य |
| 5. | प्रो0 सी.एस. बझलवार | सदस्य |
| 6. | प्रो0 ब्रजेश तिवारी | सदस्य |
| 7. | डॉ0 योगेश वैष्णव, प्रभारी–अधिष्ठाता, प्राकृतिक संसाधन विद्यापीठ | सदस्य |
| 8. | प्रो0 एच.एस. तिवारी | सदस्य |
| 9. | प्रो0 प्रतिभा जे. मिश्रा, प्रभारी–अधिष्ठाता, सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ | सदस्य |
| 10. | प्रो0 पी.पी. मूर्ति | सदस्य |
| 11. | डॉ0 सागर जायसवाल, प्रभारी– अधिष्ठाता, विधि विद्यापीठ | सदस्य |
| 12. | प्रो0 बी.डी. मिश्रा | सदस्य |
| 13. | डॉ0 गीता मिश्रा | सदस्य |
| 14. | डॉ0 रोहित राजा, प्रभारी–विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी–विकास | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 15. | प्रो0 शैलेन्द्र कुमार, अधिष्ठाता–छात्र कल्याण | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 16. | डॉ0 सम्पूर्णानन्द झा, परीक्षा नियंत्रक | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 17. | प्रो0 बुद्धेश्वर प्रसाद सिंघरौल, वित्ताधिकारी | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 18. | प्रो0 एम.एन. त्रिपाठी, समन्वयक, राष्ट्रीय शिक्षा नीति – 2020 | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 19. | डॉ0 ए.के. शर्मा, ग्रंथपाल | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 20. | प्रो0 मनीष श्रीवास्तव | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 21. | प्रो0 आलोक कुमार सिंह कुशवाहा | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 22. | प्रो0 आर.के. चौबे, ओ.एस.डी. यांत्रिकी | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 23. | डॉ0 गणेश प्रसाद शुक्ला, विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी–भण्डार | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 24. | श्री एच.एन. चौबे, कुलसचिव (कार्यवाहक) | सचिव |

निम्नानुसार सदस्य बैठक में उपस्थित नहीं हो सके :-

1. प्रो0 संतोष कुमार प्रजापति
2. डॉ0 एम.एस. धपोला
3. डॉ0 सुबल दास
4. प्रो0 अमित कुमार सक्सेना, निदेशक, आईक्यूएसी

कुलपति महोदय ने बैठक के प्रारम्भ में प्रेरणादायी उद्बोधन दिया। इस प्रेरणादायी उद्बोधन के पश्चात् विभिन्न विषयों पर चर्चा उपरान्त निम्नानुसार निर्णय लिये गये :-

**विषय क्र.01** **विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की 210वीं बैठक दिनांक 26.05.2025 के कार्यवृत्त की सम्पुष्टि पर विचार करना।**

निर्णय :-- निर्णय लिया गया कि विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की 210वीं बैठक दिनांक 26.05.2025 के कार्यवृत्त की सम्पुष्टि की जाय।

04/06/2025

04/06/2025

**विषय क्र. 02** **विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की 210वीं बैठक दिनांक 26.05.2025 के पालन प्रतिवेदन का अवलोकन करना।**

निर्णय :— विद्यापरिषद् की स्थायी समिति ने स्थायी समिति की 210वीं बैठक दिनांक 26.05.2025 के पालन प्रतिवेदन की सूचना ग्रहण की एवं कृत कार्यवाही की पुष्टि की।

**विषय क्र. 03.** **ABDP के अंतर्गत पाठ्यक्रम के नाम की संपुष्टि के संबंध में विचार।**

निर्णय :— विद्यापरिषद् की स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि प्रस्तुत प्रस्तावानुसार ABDP के अंतर्गत पाठ्यक्रमों के प्रस्तवित नामों का अनुमोदन किया जाय।

स्थायी समिति ने यह भी निर्णय लिया कि बैचलर इन बिजनेस ऑपरेशन्स कार्यक्रम के नाम को बी.कॉम. इन बिजनेस ऑपरेशन्स कार्यक्रम मान्य किया जाय। साथ ही साथ इस संबंध में कृत कार्यवाही की पुष्टि की जाय।

**विषय क्र. 04.** **सिविल इंजीनियरिंग विभाग हेतु 1000 kN लोडिंग फ्रेम एवं पैन टाइप कंक्रीट मिक्सर की खरीद के लिए प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति हेतु अनुरोध पर विचार।**

निर्णय :— विद्यापरिषद् की स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि सिविल इंजीनियरिंग विभाग हेतु 1000 kN लोडिंग फ्रेम एवं पैन टाइप कंक्रीट मिक्सर खरीदे जाने हेतु प्रस्तुत प्रस्ताव का अनुमोदन किया जाय एवं प्रस्तावित लागत राशि 40,00,000/—रूपये धनराशि स्वीकृति हेतु यथोचित प्रस्ताव वित्त समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाय।

**विषय क्र. 05.** **सिविल इंजीनियरिंग विभाग के अध्ययन मण्डल की बैठक दिनांक 17.05.2025 द्वारा अनुशंसित यूजी पीजी की पाठ्यक्रम एवं अंक योजना के अनुमोदन पर विचार।**

निर्णय :— विद्यापरिषद् की स्थायी समिति ने सिविल इंजीनियरिंग विभाग के अध्ययन मण्डल की बैठक दिनांक 17.05.2025 द्वारा अनुशंसित यूजी पीजी की प्रस्तावित पाठ्यक्रम एवं अंक योजनां का अनुमोदन किया जाय।

स्थायी समिति ने यह भी निर्णय लिया कि संबंधित विभाग के विभागाध्यक्ष यह सुनिश्चित करेंगे कि प्रस्तावित पाठ्यक्रम एवं अंक योजना प्रभावी अध्यादेश के प्रावधानों के अनुरूप हो।

**विषय क्र. 06.** **सिविल इंजीनियरिंग विभाग के लिए कंक्रीट मिश्रण, कास्टिंग, परीक्षण, सामग्री भंडारण और उपकरणों को रखने के लिए एक समर्पित शेड (लगभग 80 फीट X 40 फीट) के निर्माण के लिए 1.00 करोड़ रुपये (अनंतिम) की प्रशासनिक और वित्तीय स्वीकृति प्रदाय किये जाने पर विचार।**

निर्णय :— विद्यापरिषद् की स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि सिविल इंजीनियरिंग विभाग के लिए कंक्रीट मिश्रण, कास्टिंग, परीक्षण, सामग्री भंडारण और उपकरणों को रखने के लिए एक समर्पित शेड (लगभग 80 फीट X 40 फीट) के निर्माण के लिए 1.00 करोड़ रुपये (अनंतिम) व्यय की स्वीकृति प्रदान की जाय एवं धनराशि स्वीकृति हेतु यथोचित प्रस्ताव वित्त समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाय।

04/06/2025

04/06/2025

**विषय क्र. 07.** **विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग भवन के पास आनंद सरोवर के पास स्थित "सरस्वती मुक्ताकाश मंच" के परिसर के विकास के लिए सिविल (154.15 लाख रूपये) और इलेक्ट्रिकल (45.85 लाख रूपये) से संबंधित कार्य निष्पादित करने के प्रस्ताव पर विचार।**

निर्णय :- विद्यापरिषद् की स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग भवन के समीप आनंद सरोवर के बगल में स्थित "सरस्वती मुक्ताकाश मंच" के परिसर के विकास के लिए सिविल (154.15 लाख रूपये) और इलेक्ट्रिकल (45.85 लाख रूपये) सै संबंधित कार्य निष्पादित करने के लिए प्रस्तुत प्रस्ताव का अनुमोदन किया जाय।

## अध्यक्ष की अनुमति से अन्य प्रकरण

**अ.अ.वि.क्र .01** विद्यापरिषद् की स्थायी समिति के समक्ष प्राणी विज्ञान विभाग के शोध ग्रंथ के प्रस्तुतीकरण से संबंधित प्रकरण प्रस्तुत किया गया। प्राणी विज्ञान विभाग के दो शोधार्थी जिनके शोध निर्देशक, डॉ0 रोहित सेठ है, के द्वारा शोध ग्रंथ प्रस्तुत किया गया है। उक्त शोध ग्रंथ में शोध निर्देशक के रूप में डॉ0 रोहित सेठ के हस्ताक्षर है एवं प्रभारी विभागाध्यक्ष के द्वारा शोध ग्रंथ अग्रेषित है।

समिति ने यह पाया कि वर्तमान में डॉ0 रोहित सेठ अनाधिकृत रूप से मुख्यालय से बाहर हैं एवं वर्तमान में विदेश में निवासरत् है। अतः डॉ0 रोहित सेठ के आन लाइन हस्ताक्षर (प्रिंट आउट) मान्य किया जाना उचित प्रतीत नहीं होता है।

संबंधित बिन्दुओं एवं छात्र हितों को दृष्टिगत रखते हुए स्थायी समिति ने निम्नानुसार निर्णय लिया –

1. उक्त दोनों शोधार्थियों को शोध ग्रंथ जमा करने हेतु अतिरिक्त समयावधि प्रदान की जाय (शोध विनियम के अधीन शोध पंजीयन की अंतिम तिथि से एक वर्ष)।
2. उक्त दोनों शोधार्थियों का केयर टेकर सुपरवाईजर डॉ0 गीता मिश्रा को नियुक्त किया जाय।
3. केयर टेकर सुपरवाईजर के निर्देशन में आवश्यक आर.ए.सी. की बैठक आहूत करते हुए शोध ग्रंथ पुनः जमा कराने जिसमें केयर टेकर के हस्ताक्षर हो, संबंधी कार्यवाही सम्पन्न की जाय।

**अ.अ.वि.क्र .02** विद्यापरिषद् की स्थायी समिति के समक्ष गुरू घासीदास विश्वविद्यालय एवं YRRNA Systems Private Limited के मध्य हुए समझौता ज्ञापन में आंशिक संशोधन संबंधी प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि प्रस्तुत प्रस्तावानुसार समझौता ज्ञापन में आंशिक संशोधन करने की अनुमति प्रदान की जाय।

**अ.अ.वि.क्र .03** विद्यापरिषद की स्थायी समिति के समक्ष समर्थ मॉड्यूलों के मध्य समन्वय के संबंध में समन्वयक नियुक्त किये जाने संबंधी प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। प्रस्तुत प्रस्ताव पर विचार करते हुए स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि प्रस्तुत प्रस्ताव का अनुमोदन किया जाय।

माननीय अध्यक्ष महोदय एवं उपस्थित सदस्यों के प्रति धन्यवाद ज्ञापन के पश्चात् बैठक संपन्न हुई।

04/06/2025 | 04/06/2025
---|---
**कुलसचिव (कार्यवाहक) / सचिव** | **कुलपति / अध्यक्ष**